राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल

# सम्पर्क सरिता

वर्ष–17 अंक–03 जुलाई–सितम्बर 2016

## निटर, भोपाल द्वारा एम.एस.बी.टी.ई. हेतु पाठ्यक्रम विकास कार्यक्रम जारी



एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा एम.एस.बी.टी.ई., मुंबई द्वारा संचालित किये जा रहे 18 विभिन्न डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को नया स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इस हेतु निटर, भोपाल के संकाय सदस्यों द्वारा महाराष्ट्र के तकनीकी शिक्षकों के लिये परिणाम आधारिती पाठ्यक्रम पर कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं एवं इनका आयोजन जारी है। महाराष्ट्र राज्य के सभी पॉलिटेक्निक में नवीन पाठ्यक्रम



जुलाई 2017 से लागू हो जायेंगे। पाठ्यक्रम एन.बी.ए. की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाये जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के निर्माण के लिए अभी तक कुल 13 कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है जिसमें 613 शिक्षकों एवं औद्योगिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। यह परियोजना अक्टूबर 2015 में प्रारम्भ हुई थी, जिसमें औद्योगिक विशेषज्ञों को पूना में आमंत्रित किया गया था। एनआईटीटीटीआर, भोपाल की ओर से प्रो. जोशुआ अर्नेस्ट ने संस्थान का प्रतिनिधित्व किया एवं परिणाम आधारित पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद एमएसबीटीई ने 18 डिप्लोमा कार्यक्रमों को नया स्वरूप प्रदान करने का कार्य एक परियोजना के रूप में एनआईटीटीटीआर, भोपाल को सौंपा। एनआईटीटीटीआर, भोपाल के निदेशक महोदय ने इस हेतु वरिष्ठ प्राध्यापकों की समिति बनाई है, जो इस परियोजना को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



इस पाठ्यक्रम में एनबीए एवं उद्योगों की आवश्यकतानुसार कई महत्वपूर्ण विषय जिनमे कोर्स मेप, माइक्रो प्रोजेक्ट, स्पेसिफिकेशन टेबल, करीकुलम एक्टीविटिज़, लर्निंग आउटकम्स इन कॉगनेटिव डोमेन, सॉइकोमोटर डोमेन एंड अफेक्टिव डोमेन, इक्यूपमेंट लिस्ट एंड स्पेसिफिकेशन आदि शामिल है। इस परियोजना के समन्वयक प्रो. जोशुआ अर्नेस्ट है एवं एनआईटीटीटीआर, भोपाल के सभी संकाय सदस्यों द्वारा इस परियोजना में अपना योगदान प्रदान किया जा रहा है।



## परिणाम आधारित पाठ्यक्रम के डिजाईन के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम




संस्थान द्वारा एनआईटी, कालीकट में दिनांक 14 से 16 जुलाई 2016 तक पाठ्यक्रम के डिजाईन के लिये "परिणाम आधारित पाठ्यक्रम के डिजाईन" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनआईटी, कालीकट के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एप्रोच मेथेडोलॉजी आउटकम बेस्ड करिकुलम एंड एक्रीडिटेशन इंप्लीकेशन, फॉरमूलेशन ऑफ सीओएस मेपिंग, परिणाम आधारित पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं एवं उनका मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. जोशुआ अर्नेस्ट थे एवं संकाय सदस्य के रूप में प्रो. व्ही.एच. राधाकृष्णन ने अपना योगदान दिया।

## परिणाम आधारित पाठ्यक्रम पर पोर्टब्लेयर में कार्यशाला

संस्थान द्वारा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पोर्टब्लेयर में 27 से 30 सितम्बर 2016 तक "परिणाम आधारित पाठ्यक्रम" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के 27 प्राध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में एन.बी.ए. एक्रीडिटेशन के महत्व, संस्था एवं विभाग के विजन, मिशन, कार्यक्रम के प्रोग्राम एज्यूकेशनल आब्जेक्टिव, प्रोग्राम आऊटकम, प्रोग्राम स्पेसिफिक आऊटकम एवं कोर्स आऊटकम पर प्रस्तुतिकरण कर अभ्यास कराया गया। संस्था एवं विभाग स्तर पर स्वाट एनॉलिसिस भी करवाया गया। सभी प्राध्यापकों को कोर्स प्लान बनाने, परिणाम आधारित मूल्यांकन करने एवं रूबरिक तैयार करने के लिये भी अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. बी.एल. गुप्ता ने किया एवं संकाय सदस्य के रूप में प्रो. जोशुआ अर्नेस्ट ने अपना योगदान दिया।



## निट्टर भोपाल करेगा छत्तीसगढ़ की तकनीकी संस्थाओं का पाठ्यक्रम विकास

संस्थान के निदेशक महोदय द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास विभाग को स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई (सी.एस.वी.टी.यू.) के डिप्लोमा विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम रिडिजाइन प्रोजेक्ट, समन्वय किए जाने का कार्य सौंपा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश वर्मा द्वारा इस परियोजना को स्वीकृत किया जा चुका है। इस परियोजना के पंद्रह डिप्लोमा प्रोग्राम का पाठ्यक्रम एन.बी.ए. के निर्देशों के अनुसार किया जाना है। इस परियोजना का कार्य सितम्बर, 2016 से शुरू किया जा चुका है, जो कि अगस्त, 2019 तक पूरा किया जाना है। इसमें संस्थान के विभिन्न विभागों के कुल 27 संकाय सदस्यों की टीम है, जिनके द्वारा परियोजना के सफल संचालन में योगदान दिया जा रहा है। इस परियोजना की समन्वयक प्रो. अंजु रावले व सह–समन्वयक प्रो. पीयूष वर्मा हैं। परियोजना की कोर टीम में प्रो. अनिल कुमार भी अपना सहयोग प्रदान करेंगे।



## परिवर्तन प्रबंधन पर कार्यक्रम

प्रबंधन विभाग द्वारा दिनांक 11 से 15 जुलाई 2016 तक एनआईटीटीटीआर, भोपाल में "परिवर्तन प्रबंधन" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी संस्थाओं के संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचालन, प्रस्तुतिकरण, समूह चर्चा, अनुभवों का आदान–प्रदान, केस विधि एवं स्व मूल्यांकन पद्धतियों का उपयोग के बारे बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. शैली प्रधान थी। संकाय सदस्य के रूप में प्रो. बी.एल. गुप्ता, प्रो. आशीष देशपाण्डे एवं प्रो. पराग दुबे ने अपना योगदान दिया।



## नेतृत्व विकास पर कार्यक्रम




प्रबंधन विभाग द्वारा एनआईटीटीटीआर, भोपाल में दिनांक 25 से 29 जुलाई 2016 तक "नेतृत्व विकास" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी संस्थाओं के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापको ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचालन, प्रस्तुतिकरण, समूह चर्चा, अनुभवों का आदान–प्रदान, केस विधि एवं स्व मूल्यांकन पद्धतियों का उपयोग के बारे बताया गया। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. रौली प्रधान थी। संकाय सदस्य के रूप में प्रो. पराग दुबे ने अपना योगदान दिया।

## परियोजना प्रबंधन पर कार्यक्रम

प्रबंधन विभाग द्वारा एनआईटीटीटीआर, भोपाल में दिनांक 22 से 26 अगस्त 2016 तक "परियोजना प्रबंधन" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी संस्थाओं के शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचालन, प्रस्तुतिकरण, समूह चर्चा, अनुभवों का आदान–प्रदान, केस विधि एवं स्व मूल्यांकन पद्धतियों का उपयोग के बारे बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 08 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. रौली प्रधान थी। संकाय सदस्य के रूप में प्रो. आशीष देशपाण्डे ने अपना योगदान दिया।



## संस्थागत नेतृत्व एवं परिवर्तन प्रबंधन पर रणनीति पर कार्यक्रम




प्रबंधन विभाग द्वारा एनआईटीटीटीआर, भोपाल में दिनांक 19 से 23 सितंबर 2016 तक "संस्थागत नेतृत्व एवं परिवर्तन प्रबंधन पर रणनीति" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी संस्थाओं के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचालन, प्रस्तुतिकरण, समूह चर्चा, अनुभवों का आदान–प्रदान, केस विधि एवं स्व मूल्यांकन पद्धतियों का उपयोग के बारे बताया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. पराग दुबे थे। संकाय सदस्य के रूप प्रो. बी.एल. गुप्ता ने अपना योगदान दिया।

## म.प्र. के पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों हेतु इंडक्शन कार्यक्रमों का आयोजन

एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा म.प्र. राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों में हाल ही में नियुक्त शिक्षकों हेतु विशेष इंडक्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा आयोजित विशेष इंडक्शन कार्यक्रमों के प्रत्येक बैच में 40–40 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रकार लगभग 400 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन प्रतिभागियों को तकनीकी शिक्षा की चुनौतियां, तकनीकी संस्थाओं में उनके उत्तरदायित्व, शिक्षण एवं सीखने के सिद्धांत, एनबीए एक्रीडिटेशन की प्रक्रिया एवं उनसे संबंधित दस्तावेजो का निर्माण, संचार कौशल, शिक्षण विधियां, शिक्षण कार्य योजना बनाना, विद्यार्थियों का मूल्यांकन, शैक्षणिक माध्यमों का विकास, गाईडेन्स एवं काउंसलिंग, प्रयोगशाला प्रबंधन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही इन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार अपने व्याख्यान के प्रस्तुतिकरण की वीडियो रिकार्डिंग द्वारा स्वयं का मूल्यांकन भी किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के आयोजन में एनआईटीटीटीआर, भोपाल के संकाय सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। सितम्बर माह तक 08 इंडक्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है।

## प्रभावी संचार एवं व्यक्तित्व विकास पर कार्यक्रम



शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा दिनांक 29 अगस्त से 02 सितंबर 2016 तक ''प्रभावी संचार एवं व्यक्तित्व विकास'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एनआईटीटीटीआर, भोपाल में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य प्रतिदिन के कार्यों में संचार का महत्व, गैर मौखिक संचार की सराहना एवं व्यक्तित्व के पहलूओं और कौशल को समझना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र एवं गुजरात के विभिन्न पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों से आये कुल 11 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अजीत दीक्षित थे एवं डॉ. अंजना तिवारी ने संकाय सदस्य के रूप में योगदान दिया।

## सीमॉस तकनीकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एनआईटीटीटीआर, भोपाल में दिनांक 18 जुलाई से 22 जुलाई 2016 तक "सीमॉस टेक्नोलॉजी" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीमॉस टेक्नोलॉजी, अंडरस्टेन वीएलएसआई डिजाईन यूजिंग सीमॉस, हाईलाईट ऑन वीएलएसआई फेब्रीकेशन, लो पॉवर वीएलएसआई डिजाईन एण्ड डिजाईनिंग ऑफ डिजिटल सर्किट्स की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. संजीत कुमार थे। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. तरूण गुप्ता, एमएएनआईटी, भोपाल ने अपना योगदान दिया।

## विभिन्न राज्यों में एनआईटीटीटीआर, भोपाल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मांग बढ़ी

एनआईटीटीटीआर, भोपाल को विभिन्न राज्यों से अपने यहाँ प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की मांग प्राप्त हुई है। गत वर्षो में एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा म.प्र., छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्यों हेतु विशेष इंडक्शन एवं विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय, एमएसबीटीई के दक्षता आधारित पाठ्यक्रमों का निर्माण किया गया। एनआईटीटीटीआर, भोपाल शीघ्र ही छत्तीसगढ़ के स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, रायपुर से संबंद्व संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण करेगा।

## सहयोगी शिक्षण पर कार्यक्रम

शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा दिनांक 04 से 08 जुलाई 2016 तक ''सहयोगी शिक्षण'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का



आयोजन एनआईटीटीटीआर, भोपाल में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य सहभागिता शिक्षा के महत्व को समझना, वर्तमान संदर्भ में सहयोगी शिक्षा की भूमिका की सराहना करना एवं तकनीकी शिक्षा में आधुनिक संसाधनों द्वारा ''सहभागिता शिक्षा'' को विकसित करना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करना था।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र एवं गुजरात के विभिन्न पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों से आये कुल 15 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. (श्रीमती) किरण सक्सेना थी एवं डॉ. अजीत दीक्षित ने संकाय सदस्य के रूप में योगदान दिया।

## तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अकादमिक उत्कृष्टता पर कार्यक्रम

शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा दिनांक 01 अगस्त से 05 अगस्त 2016 तक ''तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अकादमिक उत्कृष्टता'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एनआईटीटीटीआर, भोपाल में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उभरते दृष्टिकोण को स्पष्ट करना, इंजीनियरिंग स्नातकों को सामान्य कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा के साथ उसके महत्व को समझाना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. राजेश पी.खंबायत थे एवं डॉ. अंजू रावले ने संकाय सदस्य के रूप में योगदान दिया।



## विज्ञान के प्रयोगो के लिये सिम्यूलेशन उपकरण पर प्रशिक्षण



अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा एनआईटीटीटीआर, भोपाल में दिनांक 25 से 29 जुलाई 2016 तक "विज्ञान के प्रयोगो के लिये सिम्यूलेशन उपकरण" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय के 17 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विज्ञान प्रयोगों में उपयोग होने वाले ओपन सोर्स टूल्स एवं वर्चुअल लेब पर प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रयोगों का स्वरूप तैयार किया गया जो पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों हेतु अति उपयोगी है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हुसैन जीवाखान थे एवं संकाय सदस्य के रूप में प्रो. पी.के.पुरोहित एवं डॉ. बशीरउल्ला शेक ने अपना योगदान दिया।

## साइलेब एण्ड एक्सकास पर कार्यक्रम

इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एनआईटीटीटीआर, भोपाल में दिनांक 29 अगस्त से 02 सितंबर 2016 तक "साइलेब एण्ड एक्सकास" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बेसिक्स ऑफ साइलेब, कंसोल, ऐडिटर, फाईल्स, फंगशन, मेट्रिक्स फंगशन, ऑपरेटर, ग्राफिक, सबरूटिन एण्ड फ्लो कंट्रोल ऑफ साइलेब, साइलेब विथ ऑर्डीनो, एक्सकास एण्ड इट्स टूल बॉक्सेस की जानकारी दी गई । प्रशिक्षणार्थियों ने इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. संजीत कुमार थे। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. हुसैन जीवाखान ने अपना योगदान दिया।

## निविदा, क्रय एवं भण्डार पर कार्यक्रम



विस्तार केन्द्र गोवा में दिनांक 25 से 26 अगस्त 2016 तक ''निविदा, क्रय एवं भण्डार'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को निविदा, क्रय एवं भण्डार के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोवा राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग व पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के संकायगण, अधिकारियों सहित 22 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय कुमार सराठे थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16 सितंबर 2016 को मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़े के तहत् परिसर में स्थित मुख्य भवन, छात्रावासों, मैदानों एवं उद्यानों की सफाई एवं छटाई का कार्य संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान में






अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं हेतु ग्रीटिंग–पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। साथ ही एक व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रो. आर.जी.चौकसे, प्रो. आर.पी.खंबायत द्वारा स्वच्छता एवं सफाई की तकनीकी पहलुओं पर व्याख्यान दिये। कार्यक्रम के समापन अवसर पर निदेशक प्रो. दशरथ सिंह करौलिया ने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. अस्मिता खजांची एवं प्रो. अभिलाष ठाकुर थे।

## संस्थान द्वारा आयोजित राजभाषा गतिविधियां



संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वाधान में दिनांक 20–21 जुलाई 2016 को ''नेतृत्व, प्रेरणा एवं टीम विकास'' विषय पर 02 दिवसीय हिंदी कार्यशाला प्रबंधन विभाग के सहयोग से अयोजित की गयी।



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2016 की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक दिनांक 15 जुलाई 2016 को डॉ. दशरथ सिंह करौलिया, निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, म.प्र., भोपाल में संपन्न हुई।



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 73वीं बैठक 22 अगस्त 2016 को डॉ. दशरथ सिंह करौलिया, निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सचिव राजभाषा श्री डी.के. तिवारी सहित संस्थान की राजभाषा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा जुलाई–अगस्त–सितम्बर 2016 में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र | शीर्षक | अवधि | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रौद्योगिकी सक्षमता सीखना | 27 जून–01 जुलाई 16 | भोपाल |
| 2 | कार्यशाला व प्रयोगशाला का प्रबंधन एवं रखरखाव | 27 जून–01 जुलाई 16 | रायपुर |
| 3 | इन्डक्शन चरण–। (अनुरोध पर) | 27 जून–08 जुलाई 16 | पुणे |
| 4 | त्रिआयामीय एनीमेशन | 27 जून–08 जुलाई 16 | भोपाल |
| 5 | बेसिक जावा प्रोग्रामिंग | 04–08 जुलाई 16 | भोपाल |
| 6 | सहयोगपूर्ण सीखना | 04–08 जुलाई 16 | भोपाल |
| 7 | लोक निर्माण विभाग की योजना एवं अनुसंधान विधि का प्रबंधन | 04–08 जुलाई 16 | भोपाल |
| 8 | वी.एल.एस.आई एवं एम्बेडेड प्रणाली की बनावट | 04–08 जुलाई 16 | पुणे |
| 9 | प्रथम सेमेस्टर के सभी कार्यक्रमों के विस्तृत विवरण हेतु अन्तिम कार्यशाला विस्तार केन्द्र पुणे | 11–13 जुलाई 16 | एन.आई.टी.टी.टी.आर., |
| 10 | परिणाम आधारित पाठ्यक्रम में अधिगम के मुल्यांकन की प्रविधियां | 11–15 जुलाई 16 | भोपाल |
| 11 | परिवर्तन और नवाचार के प्रबंधन | 11–15 जुलाई 16 | भोपाल |
| 12 | वेब आधारित कोर्सवेयर डेव्लोपमेंट | 11–15 जुलाई 16 | भोपाल |
| 13 | इन्डक्शन चरण–।। | 11–22 जुलाई 16 | भोपाल |
| 14 | कॉम्प्लीमेंटरी मेटल ऑक्साइड सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी | 18–22 जुलाई 16 | भोपाल |
| 15 | बैसिक ऑटोकेड | 18–22 जुलाई 16 | भोपाल |
| 16 | गोवा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सीडीटीपी योजना का प्रबंधन | 18–22 जुलाई 16 | भोपाल |
| 17 | नेतृत्व विकास | 25–29 जुलाई 16 | भोपाल |
| 18 | विज्ञान के प्रयोगों के लिए सिमुलेशन साधन | 25–29 जुलाई 16 | भोपाल |
| 19 | सॉफ़्टवेयर टेस्टिंग | 25–29 जुलाई 16 | भोपाल |
| 20 | सीडीटीपी योजना के तहत वेल्डिंग अनुदेशकों के लिए टीओटी | 25–29 जुलाई 16 | भोपाल |
| 21 | एन.बी.ए–कार्यक्रम एक्रीडीएशन, दिशा निर्देशों एवं गुणवत्ता प्रबंधन | 25–29 जुलाई 16 | पुणे |
| 22 | तकनीकी शिक्षा में शैक्षिक उत्कृष्टता | 01–05 अगस्त 16 | भोपाल |
| 23 | यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा | 01–05 अगस्त 16 | भोपाल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24 | वेब हैकिंग एवं सिक्यूरिटि | 01–05 अगस्त 16 | भोपाल |
| 25 | मेटलेब सॉफ्टवेयर | 01–05 अगस्त 16 | भोपाल |
| 26 | इन्डक्शन चरण– I I | 01–12 अगस्त 16 | अहमदाबाद |
| 27 | समूह 1 के द्वितीय सेमेस्टर के कार्यक्रमों के विस्तृत विवरण हेतु प्रथम कार्यशाला विस्तार केन्द्र पुणे | 03–05 अगस्त 16 | एन.आई.टी.टी.टी.आर., |
| 28 | (वर्तमान शीतल प्रौद्योगिकी के सहयोग से) स्वचालन में एंबेडेड सिस्टम | 08–12 अगस्त 16 | गोवा |
| 29 | सीडीटीपी योजना के तहत उच्चतर प्रशिक्षक के लिए अधिष्ठापन कार्यक्रम | 08–12 अगस्त 16 | भोपाल |
| 30 | इन्डक्शन चरण– I | 08–19 अगस्त 16 | भोपाल |
| 31 | समूह 1 के द्वितीय सेमेस्टर के कार्यक्रमों के विस्तृत विवरण हेतु द्वितीय कार्यशाला विस्तार केन्द्र पुणे | 09–11 अगस्त 16 | एन.आई.टी.टी.टी.आर., |
| 32 | सामान्य, सॉफ्ट एवं रोजगार कौशल | 16–20 अगस्त 16 | भोपाल |
| 33 | सब एडवांस केटिया | 16–20 अगस्त 16 | भोपाल |
| 34 | तकनीकी शिक्षा में ई–सामग्री एवं प्रयोगशाला आधारित वीडियो क्लिप्स | 16–26 अगस्त 16 | भोपाल |
| 35 | परियोजना प्रबंधन | 22–26 अगस्त 16 | भोपाल |
| 36 | सविल इंजीरियरिंग विषयों के लिए पी.ई.ओ.एस, पी.ओ. एवं सी.ओ. का डिज़ाइन | 22–26 अगस्त 16 | भोपाल |
| 37 | पी.एच.पी द्वारा वेबसाइट का डायनामिक डिज़ाइन एवं डेव्लोपमेंट | 22–26 अगस्त 16 | भोपाल |
| 38 | लेजर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी | 22–26 अगस्त 16 | पुणे |
| 39 | नवीन शिक्षण पद्धति के रूप में ब्लॉग का प्रयोग | 22–26 अगस्त 16 | जगदलपुर |
| 40 | प्रभावी संचार एवं व्यक्तित्व विकास | 29 अगस्त–02 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 41 | एंड्रॉयड एपलीकेशन डोव्लोपमेंट | 29 अगस्त–02 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 42 | साइलैब एवं एक्स कोस के संबंध मे जानकरी | 29 अगस्त–02 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 43 | विशेष विद्युत मशीनें एवं नियंत्रण | 29 अगस्त–02 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 44 | समूह 1 के द्वितीय सेमेस्टर के कार्यक्रमों के विस्तृत विवरण हेतु अन्तिम कार्यशाला | 30 अगस्त–01 सितम्बर 16 | एन.आई.टी.टी.टी.आर., |
| 45 | संस्थागत आकलन योजना परिणाम आधारित पाठ्क्रम के लिए | 05–09 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 46 | प्रतिक्रियाशील पावर प्रबंधन | 05–09 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 47 | पीएचपी एवं मायसोल द्वारा वेबबेस एप्लिकेशन डेव्लपमेंट | 05–16 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 48 | इन्डक्शन चरण– I I | 05–16 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 49 | कार्यक्रमों का एन.बी.ए प्रत्ययन एवं प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन प्रणाली (पी.बी.ए.एस) | 12–16 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 50 | इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस एवं सर्किट | 12–16 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 51 | आंतरिक संसाधन पीढ़ी एवं उपयोगिता: अवधारणा, योजना एवं रणनीति | 12–16 सितम्बर 16 | पुणे |
| 52 | लैब और कार्यशाला (सिविल और कंप्यूटर अभियांत्रिकी) के प्रभावी आचार–सूक्ष्म शिक्षण पर आधारित | 12–16 सितम्बर 16 | दुर्ग |
| 53 | रणनीतिक संस्थागत नेतृत्व एवं बदलाव प्रबंधन | 19–23 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 54 | कंप्यूटर नेटवर्किंग विंडोज सर्वर द्वारा | 19–23 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 55 | सीएनसी मशीनें: संचालन एवं प्रोग्रामिंग | 19–23 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 56 | प्रश्न–पत्र बनावट | 19–23 सितम्बर 16 | गोवा |
| 57 | उद्यमिता विकास और उद्योग संस्थान भागीदारी | 19–23 सितम्बर 16 | बिलासपुर |
| 58 | संगठनात्मक प्रभावशीलता (टीसीएस'' प्रतिभागियों सहित) | 19–30 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 59 | इन्डक्शन चरण– I I | 19–30 सितम्बर 16 | अहमदाबाद |
| 60 | फाइनल कोर्स द्वितीय सेमेस्टर के लिए समूह 2 कार्यक्रम का ब्यौरा कार्यशाला विस्तार केन्द्र पुणे | 20–22 सितम्बर 16 | एन.आई.टी.टी.टी.आर., |
| 61 | सड़क निर्माण नये पदार्थ एवं तकनीकी का प्रयोग, प्रबंधन एवं कॉन्ट्रैक्ट (अनुबंध) की प्रथाऐं | 26–30 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 62 | क्लाउड कम्प्यूटिंग | 26–30 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 63 | पीडब्लूडी योजना के तहत उच्चतर प्रशिक्षक के लिए अधिष्ठापन कार्यक्रम | 26–30 सितम्बर 16 | भोपाल |
| 64 | संकाय एवं कार्मचारी वर्ग के लिए ऑफिस स्वचालन–यंत्र विस्तार केन्द्र पुणे | 26–30 सितम्बर 16 | पुणे |

# एनआईटीटीटीआर भोपाल में आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ


अभियंता दिवस


वीडियो-कार्यक्रम


एनआईटी कालीकट में कार्यक्रम


स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर व्याख्यान


सीडीटीपी स्कीम पर कार्यक्रम


कम्प्यूटर नेटवर्किंग पर कार्यक्रम


शिक्षण योजनाओं के निर्धारण पर कार्यक्रम


15 अगस्त 2016


याद करो कुरबानी


स्वच्छता पखवाड़ा


इलेक्ट्रीकल मशीन पर कार्यक्रम


वेब हैकिंग पर कार्यक्रम


फ्रीडम मार्च


बेसिक जावा पर कार्यक्रम


3-डी एनीमेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम


विश्वकर्मा जयंती


इंडक्शन फेस-1


फ्रीडम मार्च

संरक्षक : निदेशक, संपादक : प्रो. पी. के. पुरोहित, सहसंपादक : श्री एम.आर. खान
सहयोग : श्रीमती मोहिनी कथूरिया, श्रीमती अनिता लाला, टंकण : श्री विशाल जोशी, श्री सुधीर त्रिपाठी
आन्तरिक वितरण हेतु राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल द्वारा प्रकाशित एवं भंडारी ऑफसेट प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित